तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 39.0° |
| इंदौर | 19.0° | 38.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 37.0° |
| ग्वालियर | 25.0° | 34.0° |
| सागर | 22.0° | 37.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल : वर्ष 41 अंक 196, पृष्ठ 12)
ज्येष्ठ (अधिक), अमावस्या संवत् 2083
सोमवार, 15 जून 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com भोपाल संस्करण भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** एमएसएमई क्षेत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ : मुख्यमंत्री


**खेल...** शुभमन एकदिवसीय में सबसे तेज 3000 रन पूरे करने ...


**व्यापार...** ई100 ईंधन को हरी झंडी, भारत के ऊर्जा और ...


**देश-विदेश...** डेनेरिस के अंत से बिल्कुल खुश नहीं थी ...







## खास-खबरें

### ब्राजील में बंजी जंपिंग के दौरान युवती को धक्का दिया, मौत

**ब्राजीलिया।** ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में बंजी जंपिंग के दौरान हुई एक गंभीर लापरवाही ने 21 वर्षीय युवती की जान ले ली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साहसिक खेल गतिविधि के दौरान कर्मचारियों ने युवती को सुरक्षा रस्सी लगाए बिना ही पुल से नीचे छलांग लगवा दी, जिससे वह करीब 130 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे के बाद पुलिस ने जांच शुरू करते हुए छह लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक युवती की पहचान मारिया एडुआर्डा रोड्रिग्स डी फेटास के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी द्वारा आयोजित बंजी जंपिंग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थी।

### सबरीमाला मंदिर से चोरी करने के आरोपी मुरारी बाबू का निधन

**नईदुनिया ब्यूरो, तिरुवनंतपुरम :** सबरीमाला मंदिर से सोना चोरी के चर्चित मामले के आरोपी मुरारी बाबू के निधन की खबर सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुरारी बाबू का निधन बीमारी के कारण हुआ है । वह सबरीमाला मंदिर से जुड़े स्वर्ण चोरी प्रकरण में आरोपित थे. जिसके चलते उनका नाम लंबे समय से चर्चाओं में रहा है। उनके निधन के बाद मामले से जुड़े लोगों और स्थानीय नागरिकों में विभिन्न प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। अधिकारियों की ओर से मृत्यु के कारणों तथा अन्य विवरणों की आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा की जा रही है।

### 20 जून को राष्ट्रपति मुर्मू के ससुराल जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नईदुनिया ब्यूरो, भुवनेश्वर :** पीएम नरेंद्र मोदी 20 जून को ओडिशा के मयूरभंज जिले स्थित पहाड़पुर गांव का दौरा करेंगे। यह गांव राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के दिवंगत पति श्याम चरण मुर्मू पैतृक गांव है। प्रधानमंत्री का यह दौरा राज्य में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का हिस्सा होगा। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर प्रशासन और पार्टी संगठन तैयारियों में जुट गए हैं। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा क्षेत्र के लोगों को संबोधित भी कर सकते हैं। उनके दौरे को राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मयूरभंज जिले का पहाड़पुर गांव रैयरंगपुर कस्बे से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है। रैयरंगपुर में ही राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के शामिल होने की संभावना है।

**भारत-फ्रांस ने 'भारत इनोवेट्स 2026' का किया शुभारंभ**

# भारत सॉल्यूशन लेने वाला नहीं देने वाला देश : प्रधानमंत्री मोदी



**नीस (फ्रांस), एजेंसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को फ्रांस के नीस स्थित पैलेस डेस एक्सपोजिशन्स में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

तीन दिवसीय यह आयोजन भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और निवेशकों को वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में 13 प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़े 120 से अधिक नवाचारी स्टार्टअप्स और 20 से अधिक अग्रणी संस्थान भाग ले रहे हैं। इसके अलावा दुनिया भर के 350 से अधिक निवेशक और वेंचर कैपिटलिस्ट भी इस आयोजन में शामिल हुए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की उभरती तकनीकी क्षमता और नवाचार आधारित विकास मॉडल को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस को वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए लंबे समय से सहयोग करने वाले साझेदार बताया। उन्होंने इंटरनेशनल सोलर अलायंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा से जुड़ी संयुक्त पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर' के दौरान आयोजित यह कार्यक्रम दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री ने भारत में तेजी से बढ़ रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम का उल्लेख करते हुए ग्रामीण विकास में एआई और सैटेलाइट तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा के लिए ग्रीन हाइड्रोजन, उन्नत बैटरी तकनीक और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचारों का उद्देश्य केवल आर्थिक मूल्य सृजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को बेहतर बनाना भी होना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं ने क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सेवाओं, मेडटेक, उन्नत सामग्री और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कार्य कर रहे स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा नवप्रवर्तकों से संवाद भी किया।

'भारत इनोवेट्स 2026' को भारत सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत भारत को 'विकसित भारत' के लक्ष्य के अनुरूप वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने और भारत-फ्रांस तकनीकी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में आए 1835 करोड़

**मुख्यमंत्री ने कहा देवरी नगर का नाम होगा देवपुरी**



- **मातृ शक्ति का आशीर्वाद बना संबल, विकास पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश : डॉ. मोहन यादव**
- **केसली में 190 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल/सागर :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मातृ शक्ति का आशीर्वाद और सहभागिता ही प्रदेश के विकास की सबसे बड़ी ताकत है। महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके नेतृत्व के माध्यम से मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सागर जिले के केसली में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाड़ली बहना योजना की 37वीं किस्त जारी करते हुए प्रदेश की 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में 1835 करोड़ रुपये अंतरित किए। साथ ही लगभग 190.85 करोड़ रुपये लागत के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का मजबूत आधार बनी है। योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग महिलाएं परिवार की जरूरतों को पूरा करने और आर्थिक सहयोग के रूप में कर रही हैं। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक स्थिति मजबूत हुई है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। कृषक कल्याण वर्ष का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 44 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 65 लाख हेक्टेयर हो गया है और इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए चल रही योजनाओं की भी जानकारी दी।

# टीएमसी में बड़ी टूट, 20 बागी सांसदों ने एनसीपी में विलय की घोषणा की



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी राजनीतिक संकट के बीच पार्टी के बागी सांसदों ने बड़ा दावा करते हुए अपने गुट के 20 सांसदों के नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी में विलय की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने का भी ऐलान किया है। यह घटनाक्रम लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से हुई बैठक के बाद सामने आया। टीएमसी की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनके गुट के सांसद नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी में शामिल होने का निर्णय ले चुके हैं और वे एनडीए का समर्थन करेंगे। उनके अनुसार यह फैसला विस्तृत विचार-विमर्श के बाद लिया गया है।

वहीं बागी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने संकेत दिया कि टीएमसी के नाम और राजनीतिक वैधता को लेकर कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका गुट अब नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी का हिस्सा है और भविष्य में न्यायालय यह तय करेगा कि वास्तविक टीएमसी किसे माना जाएगा। इस बीच टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि संसद में किसी भी अलग गुट को तृणमूल कांग्रेस के रूप में मान्यता न दी जाए। उन्होंने कहा कि टीएमसी एक अविभाज्य राजनीतिक दल है और उसका संसदीय दल उसी संगठन का हिस्सा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि लोकसभा अध्यक्ष इस प्रस्तावित विलय को मान्यता देते हैं, तो इसका सीधा असर संसद के राजनीतिक समीकरणों पर पड़ सकता है।

ऐसी स्थिति में लोकसभा में टीएमसी की संख्या में उल्लेखनीय कमी आ सकती है।

**ईरान-अमेरिका वार्ता में बड़ी प्रगति, परमाणु हथियार नहीं बनाने पर तेहरान सहमत**

# तेल प्रतिबंधों में ढील, होर्मुज स्ट्रेट खोला



**तेहरान, एजेंसी :** ईरान और अमेरिका के बीच जारी शांति वार्ता में महत्वपूर्ण प्रगति होने की खबर सामने आई है। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित समझौते के मसौदे (एमओयू) में कई अहम बिंदुओं पर सहमति बनने की जानकारी सामने आई है। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, तैयार किए गए अंतिम ड्राफ्ट में तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, तेल निर्यात, आर्थिक प्रतिबंधों और होर्मुज स्ट्रेट से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच प्रारंभिक सहमति बनने के बाद अगले 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते की शर्तों पर विस्तृत बातचीत की जाएगी। इस दौरान क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयास भी जारी रहेंगे। ईरान ने सभी व्यावसायिक जहाजों के लिए होर्मुज स्ट्रेट को तत्काल प्रभाव से फिर से खोल दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर लागू अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाने पर भी सहमति जताई है। इस कदम को वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

वार्ता के तहत अमेरिका ने यह आश्वासन दिया है कि अंतिम समझौता होने तक ईरान पर कोई नया आर्थिक प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा।

## एआईएडीएमके को झटका, गौतमी का इस्तीफा



**चेन्नई।** तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविण मुनेत्र कजगम को एक और राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी की डिप्टी प्रोपेगैंडा सेक्रेटरी और अभिनेत्री गौतमी तडिमल्ला ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गौतमी ने एआईएडीएमके महासचिव एडप्पडी के पलानिस्वामी को भेजे अपने इस्तीफा पत्र में कहा कि वह 14 जून से पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त हो रही हैं। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए कहा कि वह समाज सेवा के क्षेत्र में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान देना चाहती हैं।

## मुरैना रेल हादसा: 4 यात्रियों की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मुरैना :** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को एक दर्दनाक रेल हादसे में मां-बेटे समेत चार यात्रियों की मौत हो गई। ट्रेन में मोबाइल ब्लास्ट और आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए। इसी दौरान वे दूसरी लाइन पर आ गई तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल अंतर्गत हेतमपुर-धौलपुर रेलखंड पर हुआ। खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रविवार शाम करीब 4:15 बजे अलार्म चेन पुलिंग के कारण बीच ट्रैक पर रुक गई थी। ट्रेन रुकने के बाद एक कोच में मोबाइल ब्लास्ट होने और आग लगने की चर्चा फैल गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

# महिला टी20 विश्वकप में भारत की शानदार शुरुआत, पाकिस्तान को 64 रन से धोया

- **स्मृति का अर्धशतक और दीप्ति की घातक गेंदबाजी से भारत की बड़ी जीत**




**बर्मिंघम, एजेंसी :** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय महिला टीम ने अपने अभियान की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। एजबेस्टन मैदान पर खेले गए मुकाबले में भारत महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को 64 रन से हराकर टूर्नामेंट में दमदार आगाज किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 170 रन बनाए। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 68 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनकी पारी में आकर्षक चौके और छक्के शामिल रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रन का योगदान दिया, जबकि अंत के ओवरों में ऋचा घोष ने 17 गेंदों में तेजतर्रार 34 रन बनाकर टीम का स्कोर मजबूत स्थिति तक पहुंचाया। 171 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई।

**नियमों में बदलाव** | नए मैनुअल में वर्दी, साज-सज्जा और व्यक्तिगत प्रस्तुति के लिए जारी किए गए विस्तृत दिशा-निर्देश...

# सेना ने बदले यूनिफॉर्म और ग्रुमिंग नियम, मूंछों की लंबाई तय



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** भारतीय सेना ने वर्दी और ग्रुमिंग से जुड़े नियमों में व्यापक बदलाव करते हुए नया मैनुअल जारी किया है। सेना द्वारा जारी 'आर्मी यूनिफॉर्म्स-2026' मैनुअल में सैनिकों और अधिकारियों के लिए पहनावे, व्यक्तिगत साज-सज्जा और अनुशासन से जुड़े कई नए दिशा-निर्देश शामिल किए गए हैं।

नए नियमों के अनुसार अब सैनिकों की मूंछों की लंबाई 12 सेंटीमीटर से अधिक नहीं हो सकेगी। सेना ने वर्दी में रहते हुए डियोड्रेंट और परफ्यूम के उपयोग पर भी रोक लगाई है। हालांकि आफ्टर-शेव लोशन का उपयोग करने की अनुमति दी गई है।

महिला सैन्य अधिकारियों और कर्मियों के लिए भी नए मानक निर्धारित किए गए हैं। वर्दी में लिपस्टिक, रंगीन नेल पॉलिश, बिंदी और नोज पिन पहनने की अनुमति नहीं होगी। विवाहित महिला कर्मी सिंदूर लगा सकेंगी, लेकिन यह बेरेट या पीक कैप पहनने के बाद दिखाई नहीं देना चाहिए।

मैनुअल में टैटू, बॉडी पियर्सिंग और वर्दी के साथ किसी भी प्रकार के ब्रेसलेट पहनने पर प्रतिबंध लगाया गया है। केवल विशेष धार्मिक अवसरों या पूजा के दिन कलाई पर कलावा बांधने की छूट दी गई है। सिख सैनिकों को छोड़कर अन्य सैनिकों को वर्दी में धार्मिक प्रतीकों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। सेना ने औपचारिक वर्दी में भी बदलाव किए हैं। लंबे समय से उपयोग में रही पारंपरिक पाउच बेल्ट को अधिकांश औपचारिक ड्रेस से हटा दिया गया है। वहीं अधिकारियों को औपचारिक कार्यक्रमों में बंद गले की बंडी जैकेट पहनने की अनुमति दी गई है। यह जैकेट पूरी आस्तीन की शर्ट के ऊपर पहनी जा सकेगी और सौम्य रंगों में होगी।

महिला अधिकारियों को औपचारिक अवसरों पर साड़ी, कुर्ता-सलवार अथवा टखने तक की सीधी पैंट पहनने की अनुमति दी गई है। हालांकि स्लीवलेस कुर्ता, प्लाजो और सिगरेट पैंट जैसे परिधानों पर रोक लगाई गई है।

इसके अलावा सेना ने सभी रैंकों के लिए नई विंटर ड्रेस भी पेश की है, जिसमें अंगोला शर्ट, बैटल जैकेट और बेरेट शामिल हैं। परेड और औपचारिक समारोहों के दौरान समीक्षा अधिकारियों के लिए तलवार धारण करना भी अब अनिवार्य नहीं रहेगा।